दिन— बुधवार दिनांक— 04 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने कहा— बजट के प्रावधानों से अगले पांच सालों में बिहार देश के विकसित राज्यों की कतार में शामिल होगा। अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार।

02. प्रदेश में जनगणना के लिए ग्रामीण या शहरी प्रशासनिक इकाई सीमा क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

03. केन्द्र सरकार ने कहा— अमरीका के साथ व्यापार समझौते से कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों की रक्षा होगी। महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित।

04. और, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने विधिवत दायर वाद और प्रभावी स्थगन आदेश होने पर ही कार्यवाही रोकने के निर्देश जारी किये।

———————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि अगले पांच सालों में बिहार देश के विकसित राज्यों की कतार में शामिल होगा। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कल विधानमंडल के दोनों सदनों में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस के लिए तीन लाख सैंतालीस हजार पांच सौ नवासी करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश में विकास को और गति मिलेगी।

———बाइट———

वित्त मंत्री ने बताया कि दो हजार छब्बीस—सत्ताईस में राजकोषीय घाटा लगभग उनतालीस हजार चार सौ करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद, जीडीपी का दो दशमलव नौ—नौ प्रतिशत है।

———बाइट———

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तेज औद्योगिक विकास के लिए पांच लाख करोड़ रुपये का निजी निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। श्री यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष में राज्य की अपनी राजस्व प्राप्तियां लगभग पचहत्तर हजार दो सौ तीन करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जिसमें कर राजस्व का हिस्सा पैंसठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये होगा।

———————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का यह बजट विकास और विश्वास का बजट है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी।

——बाईट———

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि यह बजट प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबुत किया जायेगा।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह एक संतुलित बजट है और इससे बिहार के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

———————————————————

राजद तथा कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने बजट की आलोचना की है। राजद के वरिष्ठ नेता और विधायक भाई बीरेन्द्र ने कहा कि बजट में कुछ भी नया नहीं है।

———बाइट———

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बजट को उम्मीदों के प्रतिकूल बताया। वामपंथी दलों ने भी बजट की आलोचना की है।

———————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में अब तक इकतीस लाख बारह हजार से अधिक किसानों के फार्मर आईडी बन चुके है। विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जवाब में श्री यादव ने कहा कि इसके लिए महाअभियान के तहत प्रत्येक गांव में कैंप लगाए जा रहे हैं।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सक्षम न्यायालय में किसी मामले के लंबित रहने के कारण दाखिल—खारिज के मामलो में निर्णय को रोक कर नहीं रखा जा सकता है। विभाग की प्रधान सचिव सी.के. अनील ने इस संबंध में दिशा—निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार केवल विधिवत दायर वाद और प्रभावी स्थगन आदेश होने पर ही राजस्व कार्यवाही रूकेगी।

———————————————————

देश में होने वाली जनगणना के लिए कल पटना में राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि भारत सरकार की ओर से जारी सीमा स्थिरीकरण अधिसूचना के अन्तर्गत इकतीस मार्च दो हजार सत्ताईस तक किसी भी ग्रामीण या शहरी प्रशासनिक इकाई की सीमा अथवा क्षेत्राधिकार में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में दो चरणों में जनगणना होगी, जिसमें पहले चरण के तहत अप्रैल से सितम्बर महीने तक मकानों की सूची बनाकर उनकी गिनती की जायेगी। इस दौरान लोगों से तैंतीस प्रश्न पूछे जायेंगे। इसके बाद अगले चरण पर कार्य होगा।

———————————————————

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच ऐतिहासिक और दूरदर्शी व्यापार समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते से वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति मजबूत होगी। नई दिल्ली में श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते से ग्रामीण और शहरी भारत में किसानों, मछुआरों, एम.एस.एम.ई महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि समझौते में कृषि हितों का पूरा ध्यान रखा गया है और किसानों की आजीविका पर कोई समझौता नहीं किया गया।

———बाईट———

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी इन दोनों सेक्टर को संभाला है। उनके हितों को संभाला है और इस क्षेत्र में लोगों को उज्जवल भविष्य मिले और मौके मिले, आमदनी बढ़ें। उसके लिए लगातार काम किया है। कभी उनके साथ उनके हितों के साथ समझौता माननीय प्रधानमंत्री जी ने नहीं होने दिया और यूएस ट्रेड डील में भी भारत के जो सेंसिटिव सेक्टर्स है, एग्रीकल्चर को लेकर डेयरी को लेकर उनका सर्वेक्षण किया गया है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविस्वास बढाने पर जोर दिया।

———————————————————

पटना विश्वविद्यालय के दो हजार पच्चीस—छब्बीस सत्र के लिए छात्र संघ चुनाव अट्ठाईस फरवरी को होंगे। कुलपति प्रोफेसर नमिता सिंह ने बताया कि इसके लिए नयी समिति गठित कर दी गयी है। कुलपति ने कहा कि दस फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम के तहत

सोलह, सत्रह और अठारह फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किये जायेंगे। अट्ठाईस फरवरी को मतदान के दिन ही मतगणना करायी जायेगी।

——————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति के वेतन पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश अजीत कुमार की एकलपीठ ने एक याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा आवेदक की याचिका पर कार्यवाही नहीं होने तक कुलपति के वेतन पर रोक रहेगी। मामले की अगली सुनवाई बारह मार्च को होगी। गौरतलब है कि राज्यपाल के आदेश की अवहेलना और न्यायालय के आदेश के बाद भी विभिन्न भत्तों के भुगतान नहीं करने के बाबत यह कार्रवाई की गयी है।

——————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन छह परीक्षार्थी निष्कासित किये गये हैं। इनमें नवादा से तीन, रोहतास से दो और सीवान से एक छात्र शामिल हैं। वहीं, दूसरे के बदले परीक्षा दे रहे नालंदा, गया और सहरसा से एक–एक छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

——————————————————

केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा–सीटीईटी दो चरणों में आयोजित की जायेगी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने बताया कि पहले यह परीक्षा एक ही दिन ली जानी थी लेकिन परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण इसे दो दिन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि परीक्षा सात और आठ फरवरी को आयोजित की जायेगी। वहीं, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग बीपीएसएससी द्वारा बिहार पुलिस रेडियो में सहायक अवर निरीक्षक के चार सौ बासठ पदों पर आज से आवेदन लिये जायेंगे।

——————————————————

निगरानी की टीम ने नवादा और राजगीर में दो राजस्व कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने नवादा के रोह अंचल के राजस्व कर्मचारी गुलशन कुमार को पैंतीस हजार रूपये और राजगीर अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी अखिलेश साह को पैंतालीस हजार रूपये घूस लेते हुये गिरफ्तार किया है। दोनों कर्मचारी पर परिमार्जन और जमाबंदी कार्य को ठीक करने के लिए पैसे ले रहे थे।

——————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। इसके साथ ही राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर घना कुहासा छाया रह सकता है।

–––बाइट–––

––––––––––––––––––––––––––––––

सहरसा जिले के बैजनाथपुर थाना के पूर्व और निलंबित थानाध्यक्ष अमर ज्योति को न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के बाद जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार थानाध्यक्ष पर मधेपुरा के एक छात्र से मारपीट कर वसूली करने का आरोप है।

––––––––––––––––––––––––––––––

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघवा दुबौली में अपराधियों ने एक व्यक्ति से ढ़ाई लाख रूपये लूट लिये। ग्रामीणों ने अपराधी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

––––––––––––––––––––––––––––––

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार बजट से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने संकल्प शीर्षक से लिखा है– बिहार में ही रोजगार। युवा–महिला, किसान और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर सरकार का जोर।

दैनिक जागरण लिखता है– सात निश्चय से समृद्ध होगा बिहार। तीन दशमलव चार सात लाख करोड़ का बजट पेश। प्रति व्यक्ति आय होगी दोगुनी, सशक्त होगी नारी।

प्रभात खबर का शीर्षक है– विकास की त्रिवेणी, निवेश, रोजगार और तकनीक। सबका साथ वाला बजट किसान, युवा, महिला व्यापारी के साथ हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– बिहार के चार एक्सप्रेस वे पर अगले कुछ वर्षों में फर्राटा भरेंगी गाड़ियां।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार में बदलेगी टीचर ट्रांसफर पॉलिसी।

––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने कहा– बजट के प्रावधानों से अगले पांच सालों में बिहार देश के विकसित राज्यों की कतार में शामिल होगा। अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार।

02. प्रदेश में जनगणना के लिए ग्रामीण या शहरी प्रशासनिक इकाई सीमा क्षेत्र में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

03. केन्द्र सरकार ने कहा– अमरीका के साथ व्यापार समझौते से कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों की रक्षा होगी। महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित।

04. और, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने विधिवत दायर वाद और प्रभावी स्थगन आदेश होने पर ही कार्यवाही रोकने के निर्देश जारी किये।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।